SIGMA®
ENGINEERED SOLUTIONS





# आचार–संहिता और व्यावसायिक आचरण के नियम





sigmaengineeredsolutions.com



# सिग्मा की भिन्नता

हम एक ऐसी कंपनी है, जिस पर हमारे ग्राहक सदैव भरोसा करते हैं और मानते हैं कि हम समय पर और मानदंडानुसार उच्च–गुणवत्ता वाले, परिशुद्ध पुर्जों की आपूर्ति करते है

## विषयसूची


परिचय ....3
सिग्मा किसका प्रतीक है? ....4
मदद मांगना ....5
प्रतिशोधरहित होना ....6
कार्यस्थल में स्वास्थ्य और सुरक्षा ....7
पर्यावरण संरक्षण ....8
कार्यस्थल पर हिंसा और मादक द्रव्यों का सेवन ....9
भेदभावरहित होना और मानवाधिकार ....10
उत्पीड़न–विरोधी ....11
यौन उत्पीड़न ....12
एकाधिकारविरोधी और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ....13
गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएँ ....14
उपहार, मनोरंजन, रिश्वत–विरोधी, और भ्रष्टाचार ....15
राजनीतिक कार्रवाई और समर्थन ....17
कर्मचारी की निजता ....18
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण ....19
कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा करना ....20
साइबर जोखिम और जिम्मेदारीपूर्ण संप्रेषण ....21
गोपनीय सूचना और बौद्धिक संपदा ....23
हितों का टकराव ....24
सबकी जिम्मेदारी ....26
रशीद एवं सहमती ....27

# परिचय

## 1982 में स्थापित, सिग्मा इंजीनियर सॉल्यूशंस भारत में स्थापित किए गए एक कारखाने से बढ़कर दुनिया भर में 17 संयंत्रों तक विकसित हो गया है।

इस दौरान सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस ताक पर रखे जानेवाले लो–वोल्टेज विद्युत उत्पादों के आपूर्तिकर्ता से प्रगति करते हुए उच्च इंजीनियर कास्टिंग, मशीनी घटकों और सटीक धातु स्टांपिंग के वैश्विक समाधान प्रदाता के रूप में विकसित हुआ है। विकास के साथ–साथ दुनिया भर में कहीं भी व्यापार करते समय हमारे कर्मचारियों, अधिकारियों, निदेशक मंडल के सदस्यों, ठेकेदारों और व्यापारिक भागीदारों से जो अपेक्षाएँ रखी जाती हैं, उसके आधार के रूप में इस आचार–संहिता और व्यावसायिक आचरण के नियमों की रचना की गई है।

प्रस्तुत आचार संहिता और नैतिक या कानूनी प्रश्न का निश्चित रूप से न तो उत्तर दे सकती है, न हमारी दैनिक कार्य गतिविधियों में आने वाली हर स्थिति का वर्णन कर सकती है। यह अधिकांश मामलों में सहायक दिशा–निर्देश प्रदान करती है। जब संदेह हो, तो रुकें और सोचें। सही निर्णय लेने के लिए अपनी सर्वोत्तम निर्णयक्षमता का उपयोग करें और मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हमेशा मानव संसाधन (एचआर) विभाग से संपर्क करें।




## हमारे कोड को समझना

आचार संहिता को समझने के लिए निम्नलिखित तत्त्व आपकी सहायता करेंगें:

- कठिन नैतिक और कानूनी प्रश्नों के मामले में सहायता, मार्गदर्शन प्राप्त करें या विषय को भलीभाँति समझ लें।
- संदिग्ध, अनैतिक या गैरकानूनी आचरण की रिपोर्ट उचित माध्यम से करें।
- गलत काम का प्रमाण होने पर तुरंत कार्रवाई करें।
- अनौचित्य के आभास से भी बचें।

सिग्मा के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, निदेशक मंडल के सदस्यों, ठेकेदारों, सलाहकारों, एजेंटों और व्यापार भागीदारों से नैतिक रूप से और ठोस, तर्कसंगत निर्णय के साथ कार्य करने की अपेक्षा की जाती है, भले ही उस संबंध में सिग्मा का कोई विशिष्ट कानून या विनियमन या नीति मार्गदर्शक तत्त्व न हो। सिग्मा कई देशों में काम करता है, इसलिए कई बार स्थानीय कानून या नियम हमारी आचार संहिता से टकरा सकते हैं। जब भी किसी कानूनी आवश्यकता और हमारी आचार संहिता के बीच कोई टकराव या अंतर हो, तो कर्मचारियों और अन्य एजेंटों को दोनों में से अधिक कठोर मानक को लागू करना चाहिए।

कंपनी के विवेकाधिकार के आधार पर आचार संहिता और व्यावसायिक आचरण में पूर्व नोटिस या बिना किसी सूचना के समीक्षा और परिवर्तन किया जा सकता है। इस जटिल और चुनौतीपूर्ण दुनिया में हमारी विश्वसनीयता और अखंडता को और बढ़ाने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी से सभी बदलाव किए जाएँगे।

# सिग्मा किसका प्रतीक है?

## हम एक कार्यप्रवण कंपनी हैं। ऐसी कंपनी, जो स्थिर नहीं रहती और यथास्थिति बनाए रखने के लिए समझौता नहीं करती है।

हमारे नाम के अनुरूप ही हमने विश्वस्तरीय इंजिनियरिंग, अत्याधुनिक विनिर्माण, पहली बार में ही सही गुणवत्ता और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा के मेल से नाम कमाया है। हम लगातार सुधार और नव प्रवर्तन करते हुए व्यक्तिनिष्ठ संरचना और अचूक समाधान देने की इच्छा से, और फिर उन्हें और भी बेहतर बनाने के लिए काम करने की इच्छा से प्रेरित हैं। और हम इसे ऐसे तत्काल भाव से करते हैं जिसकी आप एक अनुभवी और विश्वसनीय भागीदार से उम्मीद रखते हैं। क्योंकि इसी तरह समस्याओं का समाधान खोजा जाता है।



### हमारा दृष्टिकोण

ग्राहकों की अपेक्षाओं को बढ़ाते हुए उनकी पसंद का वैश्विक भागीदार बनना

### हमारा लक्ष्य

विश्वसनीय भागीदार के रूप में विश्वस्तरीय उत्पाद–समाधान देते हुए अपने ग्राहकों के लिए मूल्य निर्माण करना

### सिग्मा में हम उन लोगों को महत्व देते है–

- जो अनुकरणीय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा रखते हैं।
- जो ग्राहक केंद्रित हैं।
- वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें निरंतर सुधार के लिए प्रयास करते हैं।
- जो साहसी और विश्वसनीय होते हैं।
- जो टीम वर्क के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- जो सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार हैं।
- जो सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की पहल करते हैं।

SIGMA®
ENGINEERED SOLUTIONS

# मदद मांगना

## प्रत्येक व्यक्ति को कानूनी या नैतिक प्रश्न निर्माण करनेवाली किसी भी स्थिति की रिपोर्ट सिग्मा संगठन के उचित स्तर पर करने में सहजता का अनुभव करना चाहिए।

सामान्यतः आपके पर्यवेक्षक से या फिर जैसा कि कई मामलों में होता है, प्रबंधक से आरंभ करना अच्छा होगा। उनके पास इस मामले में प्रशिक्षण, अंतर्दृष्टि या अनुभव होने की संभावना होती है, या इस बात की जानकारी हो सकती है कि आपकी विशिष्ट चिंताओं को दूर करने के लिए कौन–सा संसाधन सबसे उपयुक्त होगा।

सिग्मा में सभी रिपोर्टों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाता है और किसी भी शिकायत, सूचना या जानकारी की तत्काल और गहन जाँच की जाती है।

इसके अतिरिक्त सिग्मा में सभी सवालों का जवाब दिया जाता है और यह निर्धारित करने के लिए मूल्यांकन किया जाता है कि जांच की जानी आवश्यक है या नहीं।

*पूर्ण और निष्पक्ष जांच करने के लिए जो जानकारी आवश्यक है, उसके अलावा आपके द्वारा साझा की गई सारी जानकारी निजी रहेगी।*

## कानूनी या नैतिक मुद्दों की रिपोर्टिंग के लिए विकल्प–

- आपका पर्यवेक्षक
- किसी विशिष्ट नीति या प्रक्रिया के अंतर्गत निर्दिष्ट संपर्क
- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधि
- सिग्मा/नेवेक्स रिपोर्टिंग पोर्टल:
- ऑनलाइन: sigmaengineered.ethicspoint.com
- फोन (टोल फ्री):
  - **यूएस** – 8444-539-2241
  - **भारत** – 000-117
  - **मेक्सिको** – 800-288-2872
    फिर 844-539-2241 डायल करें
- यदि आप निदेशक हैं, तो निदेशक मंडल के अध्यक्ष या मुख्य कार्यकारी अधिकारी से रिपोर्ट करे।



# प्रतिशोधरहित होना

## प्रतिशोध के डर के बिना संबंधित प्रश्नों पर सबके द्वारा खुलकर संप्रेषण किए जाने पर सिग्मा की निरंतर सफलता निर्भर करती है।

सिग्मा कदाचार के सभी आरोपों को गंभीरता से लेता है और अच्छे उद्देश्य के साथ चिंता व्यक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध या उत्पीड़न पर रोक लगाता है।

कर्मचारियों के लिए निष्पक्ष और अनिवार्य निष्कर्ष सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा की जानेवाली पूछताछ में उनका सहयोग आवश्यक है। नैतिकता या अनुपालन जांच में सहयोग करने पर किसी भी कर्मचारी से प्रतिशोध नहीं लिया जाएगा। कानूनी या नैतिक चिंताओं का खुलासा करने वाले किसी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध लेने वाला कोई भी व्यक्ति अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन है, जिसमें रोजगार की समाप्ति तक शामिल है।



# कार्यस्थल में स्वास्थ्य और सुरक्षा

**हमारा मानना है कि काम से संबंधित सभी चोटों और बीमारियों को रोका जा सकता है, और हम अपनी सुविधाओं को सुरक्षित और स्वस्थ स्थानों के रूप में बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**



### आपको चुप नहीं रहना चाहिए, यदि:

- कोई आपसे कोई ऐसा कार्य करने के लिए कहता है जो आपको लगता है कि असुरक्षित है या जिसके लिए आपके पास उचित ज्ञान, साधन या सुरक्षात्मक उपकरण का अभाव है।
- आप किसी व्यक्ति को असुरक्षित तरीके से कार्य करते हुए या आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने में असफल होते हुए देखते हैं।
- आप कार्यस्थल पर कोई असुरक्षित स्थिति देखते हैं या उसकी संभावना का अनुमान लगाते हैं।
- यदि आपको संदेह है कि कार्यस्थल पर कोई वाहन या उपकरण अपेक्षित ढंग से काम नहीं कर रहा है और असुरक्षित हो सकता है।

कार्यस्थल पर या उससे संबंधित किसी स्थान पर होनेवाली किसी भी घटना, चोट या बीमारी की रिपोर्ट यथाशीघ्र उचित पर्यवेक्षक को दें, जैसा कि आपकी साइट की प्रक्रियाओं में बताया गया है। आप साइट की सुरक्षा टीम या प्रबंधन से संपर्क करके किसी सुरक्षा विषयक चिंता या मुद्दे पर आवाज भी उठा सकते हैं।

कार्यस्थल को सुरक्षित और चोट–मुक्त बनाना सिग्मा के सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

# पर्यावरण संरक्षण



**हम अपने पर्यावरण प्रबंधन और जिम्मेदार आधारों को गंभीरता से लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने परिचालन के प्रभाव में लगातार सुधार करने का प्रयास करते हैं।**

सभी सिग्मा परिचालनों को पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से संचालित होना चाहिए और हमारे समुदायों और हमारे ग्रह पर हानिकारक प्रभावों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# कार्यस्थल पर हिंसा और मादक द्रव्यों का सेवन

## जब कार्यस्थल पर हिंसा की बात आती है, जिसमें शारीरिक धमकी, हमले और हिंसा की धमकियाँ शामिल हैं, तो इस मामले में सिग्मा की शून्य–सहिष्णुता नीति है।

सिग्मा एक सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने का प्रयास करता है जिसमें कर्मचारी एक–दूसरे के साथ शिष्टाचार और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं और पेशेवर, गैर–अपमानजनक और गैर–धमकी भरे तरीके से किसी भी मतभेद को हल करते हैं।

कार्यस्थल पर हिंसा निषिद्ध है और इसमें शारीरिक हिंसा की गतिविधियां या धमकियां शामिल हैं, लेकिन इसमें उत्पीड़न और धमकाने जैसे अपमानजनक आचरण या व्यवहार भी शामिल हो सकते हैं। कार्यस्थल पर या कंपनी की ओर से व्यवसाय करते हुए हथियार रखना निषिद्ध है, चाहे आपके पास इसका लाइसेंस प्राप्त हो या न हो। हम सभी अपने व्यवहार के लिए और यह समझने के लिए जिम्मेदार हैं कि कार्यस्थल के अंदर और बाहर हमारा आचरण दूसरों को कैसे प्रभावित कर सकता है।

कार्यस्थल पर नशीली दवाओं और शराब के उपयोग की अनुमति नहीं है, क्योंकि यह सभी कर्मचारियों के लिए गंभीर सुरक्षा और स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। कंपनी के स्थान पर या कंपनी का व्यवसाय संचालित करते समय किसी भी अवैध दवा या नियंत्रित पदार्थ का सेवन करना, बेचना, रखना, निर्माण करना या उसे वितरित करना निषिद्ध है और इसके लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। इसमें नुस्खा लिखी निर्धारित दवाओं का दुरुपयोग भी शामिल है। सिग्मा ऐसी किसी भी जांच और अभियोजन में अधिकारियों के साथ सहयोग करेगा।

यदि आपको नशीली दवाओं या शराब के लत की समस्या है तो मदद मांगें। आपके लिए उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी पाने के लिए अपने मानव संसाधन प्रबंधक से संपर्क करें।



**कार्यस्थल पर अनुचित व्यवहार बढ़ने से पहले इसकी शिकायत करना हम सभी की जिम्मेदारी है–अगर हम कुछ देखते हैं, तो हमे कुछ कहना होगा।**

# भेदभावरहित होना और मानवाधिकार

**भेदभावपूर्ण अपशब्दों का उपयोग, या ऐसी कोई भी टिप्पणी, चुटकुले, पोस्टिंग या आचरण जो आक्रामक या शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाए या उसे बढ़ावा दे, स्वीकार्य नहीं है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

इसके अतिरिक्त जातीयता, नस्ल, धर्म, लिंग पहचान, यौन अभिविन्यास, आयु, विकलांगता, वृद्धावस्था, या लागू कानून द्वारा संरक्षित किसी भी अन्य श्रेणी के आधार पर सिग्मा आवेदकों या कर्मचारियों के खिलाफ भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत और मैक्सिको सहित दुनिया के अधिकांश हिस्सों की तरह अमेरिकी सरकार ने भी व्यक्तियों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए एक नीति अपनाई है, जिसमें तस्करी से संबंधित गतिविधियाँ, जैसे कि यौन तस्करी, वाणिज्यिक यौन कृत्यों की दलाली, बंधुआ मजदूरी, कर्मचारियों की भर्ती में धोखाधड़ी करना, कर्मचारियों से भर्ती शुल्क वसूलना, या रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने में विफल होना आदि शामिल है।

**युएस सरकार को वस्तुओं और सेवाओं के प्रदाता के रूप में दुनिया भर में सभी सिग्मा कर्मचारियों को इस नीति का पालन करना होगा।**

इसमें सभी का निरंतर परिश्रमपूर्वक संचालन करना शामिल है।



# उत्पीड़न–विरोधी

**सिग्मा किसी भी प्रकार का उत्पीड़न, मौखिक या गैर–मौखिक, बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सभी कर्मचारियों (ठेकेदारों सहित) के साथ–साथ गैर–कर्मचारियों पर भी लागू होता है जो कंपनी के समय या संपत्ति पर या कंपनी के कार्यों या कार्यक्रमों के दौरान दूसरों को धमकाते या परेशान करते हैं।**




**उत्पीड़न के उदाहरणों में शामिल है:**

- डराने–धमकाने की घटनाएँ
- निरादर करना
- नीचा दिखाना
- दबंगाई करना
- एक व्यक्ति या लोगों के समूह के प्रति अवांछनीय मौखिक, गैर–मौखिक या शारीरिक आचरण।

जिन कर्मचारियों को दबंगाई या उत्पीड़न का अनुभव देनेवाली स्थितियों में सीधे हस्तक्षेप करने में सहजता का अनुभव होता है, उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**जो कर्मचारी दबंगाई या उत्पीड़न के व्यवहार का अनुभव करते हैं, देखते हैं या संदेह करते हैं, उन्हें ऊपर बताए गए "मदद मांगना" में सूचिबद्ध तरीकों के माध्यम से तुरंत ऐसे व्यवहार की रिपोर्ट करनी चाहिए।**

# यौन उत्पीड़न

**यौन उत्पीड़न लैंगिक भेदभाव का एक रूप है और यह हर जगह गैरकानूनी है, जहाँ सिग्मा व्यवसाय करती है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको के संघीय और राज्य कानून और भारत के कानून शामिल हैं।**

## यौन उत्पीड़न की परिभाषा अलग–अलग देशों में थोड़ी भिन्न है, लेकिन विषय समान हैं।

सामान्य तौर पर यौन उत्पीड़न का अर्थ है किसी के लिंग (गर्भावस्था, प्रसव, स्तनपान या इससे संबंधित चिकित्सा स्थितियों सहित) लैंगिक अभिविन्यास या स्त्री–पुरुष भेद (किसी की यौन पहचान या यौन अभिव्यक्ति) के आधार पर किसी भी प्रकार का उत्पीड़न या अवांछित आचरण करना और उत्पीड़क चाहे किसी भी लिंग का हो, अवांछित यौन–लाभ या यौन–अनुकूलता या अन्य किसी भी प्रकार के अवांछित यौन आचरण की मांग करना।

## सिग्मा व्यापक रूप से परिभाषित सभी प्रकार के यौन उत्पीड़न को प्रतिबंधित करता है।

जो कर्मचारी यौन उत्पीड़न की घटनाओं का अनुभव करते हैं, देखते हैं या जानते हैं, उन्हें ऊपर “मदद माँगना” में उल्लिखित तरीकों के माध्यम से तुरंत इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए।



# एकाधिकारविरोधी और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा

**सिग्मा के सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको, यूरोपीय संघ, प्रत्येक यूरोपीय देश और भारत के साथ–साथ किसी भी अन्य देश या देशों के समूह में, जहाँ प्रतिस्पर्धा–विरोधी व्यवहार पर रोक लगानेवाले एकाधिकार विरोधी या प्रतिस्पर्धाविरोधी कानून हैं, वहाँ के एकाधिकार और प्रतिस्पर्धा विरोधी कानूनों का अनुपालन करें।**

सभी सिग्मा कर्मचारी जो सिग्मा उत्पादों की बिक्री से संबंधित किसी भी गतिविधि में लगे हुए हैं, या हमारे ग्राहकों, प्रतिस्पर्धियों या आपूर्तिकर्ताओं के साथ बातचीत करते हैं, जहाँ उन्हें अपने व्यवसाय क्षेत्र में सीधे अपने प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग से मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, वहाँ उन्हें एकाधिकार या प्रतिस्पर्धाविरोधी कानूनों और नियमों से परिचित होना चाहिए।

### इसके अलावा, सिग्मा कर्मचारी:

- प्रतिस्पर्धियों के साथ मिलीभगत वाली गतिविधियों में शामिल न हों।
- कीमतें या बिक्री की अन्य शर्तें निर्धारित करने, बोलियों का समन्वय करने, या ग्राहकों, बिक्री क्षेत्रों, या उत्पाद लाइनों को आबंटित करने के लिए स्पष्ट रूप से या गुप्त रूप से सहमत न हों।
- किसी व्यापारिक या ग्राहक कार्यक्रम जैसे अनौपचारिक अवसरों पर भी प्रतिस्पर्धियों के साथ कीमतों, शर्तों, क्षेत्रों, उत्पादों या इस प्रकार के अन्य विषयों पर चर्चा न करें और प्रतिस्पर्धी द्वारा ऐसी चर्चा करने के किसी भी प्रयास पर स्पष्ट रूप से और सार्वजनिक रूप से आपत्ति जताएँ।

**जैसा कि कहा गया है, एक सिग्मा कर्मचारी के रूप में आपको प्रतिस्पर्धी जानकारी तक तभी पहुँच प्राप्त करनी चाहिए, जब आप यह स्पष्ट रूप से मानते हों कि ज्ञान की प्राप्ति और उपयोग दोनों वैध है और इन दिशानिर्देशों का पालन करते हैं:**

- प्रकाशित लेख, विज्ञापन, खुले तौर पर वितरित ब्रोशर और अन्य गैर–मालिकाना सामग्री जैसे सार्वजनिक स्रोतों से हमारे प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करें।
- सरकारी अनुबंधों पर गैर–सार्वजनिक जानकारी प्राप्त करने में विशेष रूप से सावधान रहें, जहां आपके या सिग्मा के ऐसे कार्यों को कानून का उल्लंघन माना जा सकता है।
- प्रतिस्पर्धी जानकारी एकत्र करने का प्रयास करते समय कभी भी अपनी पहचान गलत तरीके से प्रस्तुत न करें।
- हमारे प्रतिस्पर्धियों और अन्य लोगों की गोपनीय जानकारी तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करें।

# गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं

**हमारे नाम के अनुरूप, सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग, अत्याधुनिक विनिर्माण, पहली बार में ही सही गुणवत्ता और दुनिया भर में बेहतर ग्राहक सेवा के योग के जरिए मूल्यवान बना है।**

**इन नियमों का पालन करके हम अपने हर काम में गुणवत्ता बनाना जारी रख सकते हैं:**

- गर्व करें कि हमारे उत्पाद और सेवाएँ हमारे ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।
- ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दें जो हमारे उत्पादों और प्रक्रियाओं की गुणवत्ता और उनके सुरक्षित उपयोग में सुधार के लिए नवाचार को प्रोत्साहित करनेवाली संस्कृति को बढ़ावा दें।
- सुनिश्चित करें कि कार्य क्षेत्र में हर कोई सिग्मा की गुणवत्ता आवश्यकताओं, प्रमाणपत्रों और मानकों को समझता है।
- कभी भी गुणवत्ता नियंत्रणों को नजरअंदाज न करें या ऐसे शॉर्टकट न अपनाएँ जो गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- किसी भी गुणवत्ता या उत्पादन रिकॉर्ड को कभी भी गलत तरीके से न तो प्रस्तुत करें और न उसे गलत साबित करें।
- गुणवत्ता या सुरक्षा से संबंधित चिंताओं की तुरंत रिपोर्ट करें।
- हमारे आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं को तुलनीय आवश्यकताओं के अनुरूप रखें।




**हमारा लक्ष्य एक ऐसी कंपनी बनकर अपने ग्राहकों की पसंद का भागीदार बनना है, जिसके साथ व्यापार करना बहुत अच्छा है एक ऐसी कंपनी के साथ, जो उनकी विविध संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करनेवाले उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति करने के लिए भरोसा कर सकें।**

# उपहार, मनोरंजन, रिश्वत–विरोधी, और भ्रष्टाचार

**सिग्मा अपने कर्मियों, उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के माध्यम से व्यावसायिक वफादारी के लिए प्रतिस्पर्धा करता है और उसे अर्जित करता है, उपहारों या प्रचुर मात्रा में मनोरंजन के माध्यम से नहीं।**

कोई भी उपयोगी वस्तु, जिसमें नकद रकम, उपहार प्रमाण पत्र, उपकार, सेवाएँ या भविष्य में किया जानेवाला कोई भी अन्य संतुष्टिदायक कार्य जिसका वादा कर्मचारी या एजेंट या उनकी ओर से कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति, चाहे वह परिवार या घर का कोई भी सदस्य हो, या जिसके साथ कर्मचारी या एजेंट का घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध हो, द्वारा किया जाता है, तो वह उपहार कहलाता है।

मनोरंजन में यात्रा, होटल आवास, भोजन और सांस्कृतिक या खेल कार्यक्रम शामिल हैं जिनमें कर्मचारी, ठेकेदार और अन्य एजेंट प्राप्तकर्ता के साथ भाग लेते हैं। यदि ग्राहक या व्यवसाय प्रदाता के साथ कर्मचारी, ठेकेदार और अन्य एजेंट किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं होते हैं, तो कार्यक्रम के टिकटों को मनोरंजन नहीं, बल्कि उपहार माना जाता है और उनके साथ तदनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए। मनोरंजन की वे शैलियाँ जो एक गैर–भेदभावपूर्ण कंपनी के रूप में सिग्मा की प्रतिष्ठा से समझौता करने की संभावना रखती हैं, हमेशा अनुपयुक्त होती हैं। उदाहरण के लिए, वयस्क मनोरंजन स्थल कभी भी उपयुक्त नहीं होते।

**कर्मचारियों और एजेंटों को कभी भी किसी अन्य व्यक्ति के निर्णय को प्रभावित करने के साधन के रूप में मनोरंजन की पेशकश नहीं करनी चाहिए।**

निम्नलिखित उपहार या मनोरंजन कभी भी किसी सिग्मा कर्मचारी, ठेकेदार, एजेंट या प्रतिनिधि, या उनके के परिवार के सदस्य द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो दिया जाना चाहिए और न स्वीकार किया जाना चाहिए:

1. नकद उपहार या नकद समकक्ष जैसे उपहार कार्ड;
2. ऐसा उपहार या मनोरंजन व्यय जो पारंपरिक व्यावसायिक प्रथाओं के साथ असंगत है या भव्य, असाधारण या महंगा है;
3. ऐसा कुछ भी जिसे रिश्वत, अदायगी या किकबैक के रूप में समझा जाए या उस इरादे से किया जाए, या किसी व्यावसायिक निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के इरादे से किया जाए और
4. कुछ भी जो सिग्मा या जिन संस्थाओं के साथ हम काम कर रहे हैं, उनके किसी भी कानून, या विनियम, या किसी भी नीति का उल्लंघन करता है।

किसी कार्य या आचरण के लिए प्राप्तकर्ता को प्रभावित करने या पुरस्कृत करने के उद्देश्य से दिया जानेवाला उपहार **कदापि** स्वीकार्य **नहीं** है। ऐसे उपहार जो प्राप्तकर्ता के पेशेवर निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं या प्रभावित करते प्रतीत होते हैं, वे कभी भी उचित नहीं होते हैं और कर्मचारी, ठेकेदार या एजेंट और सिग्मा को इसके लिए आपराधिक या नागरिक दंड हो सकता है।

हालाँकि, लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, सिग्मा नीचे वर्णित सीमित परिस्थितियों में गैर–भव्य, असाधारण या महंगे उपहारों की अनुमति दे सकता है।

निम्नलिखित कुछ सीमित परिस्थितियों में मामूली व्यावसायिक भोजन और यात्रा व्यय के भुगतान की अनुमति दी जा सकती है। इस सामान्य नीति के अनुरूप, सिग्मा आम तौर पर सरकारी अधिकारियों को सभी प्रकार के उपहारों और उनके मनोरंजन पर रोक लगाती है।

भारत में दो बहुत ही संकीर्ण अपवाद हैं, एक भारत के लिखित कानूनों द्वारा अधिकृत है, और दूसरा सुविधा यात्राओं के संबंध में उत्पन्न होनेवाले कुछ वास्तविक व्यावसायिक खर्चों के भुगतान की अनुमति देने के लिए तैयार किया गया है। यह नीति संदर्भ और सुविधा के लिए उपहारों, भोजन और मनोरंजन के आदान–प्रदान पर दिशानिर्देश निर्धारित करती है।

यदि (नीचे वर्णित) किसी उपहार का संबंध किसी सरकारी अधिकारी से है (जैसा कि मोटे तौर पर ऊपर परिभाषित किया गया है), तो कर्मचारियों, ठेकेदारों और एजेंटों को यहाँ उल्लिखित नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिए। ऐसा करने में विफलता के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है, जिसमें रोजगार समाप्त करना या सेवाएँ बंद करना भी शामिल है। इसके कर्मचारियों और एजेंटों तथा सिग्मा के लिए गंभीर दीवानी या आपराधिक परिणाम भी हो सकते हैं।

## सरकारी अधिकारियों को उपहार प्रस्तुत करना और देना

सिग्मा की ओर से काम करने वाले सभी कर्मचारियों, ठेकेदारों या तीसरे पक्षों को सभी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय रिश्वत विरोधी और भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करना होगा। सिग्मा किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार को प्रतिबंधित करता है, चाहे इसमें कोई सार्वजनिक अधिकारी या निजी क्षेत्र की कंपनी या व्यक्ति शामिल हो, और चाहे वह किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किया गया हो।

सिग्मा आम तौर पर सरकारी अधिकारियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपहार देने पर रोक लगाता है। हालाँकि, छोटे टोकन उपहार उपयुक्त हो सकते हैं यदि वे (i) न माँगे गे हों, (ii) नकद न हों, या जो नकद के बराबर हों या नकद के रूप में उपयोग करने योग्य हों (उदाहरण के लिए, उपहार प्रमाणपत्र स्वीकार्य नहीं है) (iii) सामान्य दिनचर्या और स्वीकार्य श्रेणी में आते हैं जैसे नियमित बख्शीश या खरीदा गया मिठाई का डिब्बा जो होलीधदिवाली जैसे भारतीय त्योहारों पर दिया जाता है और (iv) जिसका मूल्य स्थानीय हैंडबुक में निर्धारित सिग्मा द्वारा परिभाषित एक विशिष्ट राशि से अधिक नहीं है।

उपरोक्त की व्यापकता के बावजूद, कोई भी उपहार या मनोरंजन, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, किसी भी परिस्थिति में अनुचित उद्देश्य के लिए न तो प्रस्तुत किया जा सकता है और न प्रदान किया जा सकता है, जिससे सरकारी अधिकारी व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग कर सके।

सरकारी अधिकारियों को सिग्मा पर कोई सेवा या लाभ प्रदान करने के लिए प्रेरित करने या ऐसी सेवा या लाभ प्राप्त करने के लिए पुरस्कार के रूप में उपहार देना, इस नीति के तहत और लागू कानूनों के अनुसार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यदि कर्मचारी, ठेकेदार और अन्य एजेंट कभी भी ऊपर वर्णित कोई सांकेतिक उपहार देना चाहते हैं जो सामान्य दिनचर्या और स्वीकार्य श्रेणी में आता है, तो कर्मचारियों और एजेंटों को अमेरिका या भारत के सर्वोच्च स्थानीय कार्यकारी सदस्य से पूर्वलिखित अनुमोदन प्राप्त करना होगा, मेक्सिको में प्लांट मैनेजर या सीएफओ से लिखित अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

कोई भी सिग्मा कर्मचारी अपनी जानकारी या भागीदारी के साथ न तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भुगतान की पेशकश कर सकता है और न ऐसे भुगतान की अनुमति दे सकता है, जिसे अमेरिका, मैक्सिको, भारत या अन्य संबंधित देशों में लागू कानूनों के तहत अवैध संतुष्टि माना जा सकता है। निम्नलिखित विशेष रूप से निषिद्ध हैं: (i) किसी सरकारी अधिकारी को प्रभावित करने के लिए संतुष्टि की प्रस्तुति करना या देना, (ii) सिग्मा की ओर से किसी सरकारी अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत प्रभाव के प्रयोग के लिए संतुष्टि की प्रस्तुति करना या देना, (iii) ऐसे सरकारी अधिकारी द्वारा कारोबार में रुचि रखनेवाले व्यक्ति द्वारा मूल्यवान वस्तु (बिना किसी प्रतिफल के) प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारी को अनुमति देना। (iv) उपरोक्त किसी भी कार्य में सहायता करना या बढ़ावा देना। इस संबंध में कोई भी प्रश्न, रिपोर्ट या स्पष्टीकरण कंपनी की कार्यकारी टीम के किसी सदस्य द्वारा लिखित रूप में उठाया जाना चाहिए और पहले से अनुमोदित किया जाना चाहिए।



# राजनीतिक कार्रवाई और समर्थन

## सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस विचारों और मतों की चर्चा का समर्थन करता है और कर्मचारियों को जानकारीपूर्ण और संबद्ध नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### यह सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस की नीति है कि–

अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति दुनिया भर के किसी भी क्षेत्राधिकार में कंपनी की ओर से समर्थन नहीं कर सकता है।

इसके अलावा, यदि यह सिग्मा के सर्वोत्तम हित में है, तो अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंपनी की ओर से समर्थन करने का अधिकार कुछ व्यक्तियों या किसी कंपनी को सौंप सकते हैं।


**जो कर्मचारी राजनीतिक हितों के लिए धन, समय या श्रम दान करते हैं, वे अपनी मर्जी से ऐसा कर रहे हैं और वे सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस, उसके कर्मचारियों, स्वामित्व या निदेशक मंडल के हितों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।**



# कर्मचारी की निजता

## सिग्मा अपने कर्मचारियों पर लागू सभी गोपनीयता कानूनों का पालन करेगा। सिग्मा कर्मचारी की व्यक्तिगत जानकारी को निजी और गोपनीय मानता है।

सिग्मा द्वारा एकत्र की गई व्यक्तिगत जानकारी में कर्मचारी के नाम, पते, टेलिफोन नंबर, ई–मेल पते, आपातकालीन संपर्क जानकारी, समान रोजगार अवसर (ईईओ) जनसांख्यिकीय डेटा, चिकित्सा जानकारी, सामाजिक सुरक्षा नंबर, जन्म तिथि के साथ ही रोजगार पात्रता डेटा, लाभ योजना नामांकन जानकारी, और अन्य जानकारी जिसमें आश्रित व्यक्ति की निजी जानकारी, और स्कूल/कॉलेज या प्रमाणन शामिल हैं, लेकिन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है।।



कोई भी कर्मचारी जो कंपनी लाभ योजना में भाग ले रहा है, उसे पता होना चाहिए कि व्यक्तिगत जानकारी योजना प्रदाताओं के साथ उनके दावों पर काम करने या रिकॉर्ड रखने की जरूरतों के लिए साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, कानून द्वारा आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी उचित प्रकटीकरण आवश्यकताओं के बीच साझा की जाएगी।

सभी कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी की मुद्रित प्रतियाँ एक सुरक्षित वातावरण में रखी जाएँगी और केवल पहुँच की आवश्यकतावाले लोगों तक ही उनकी पहुँच होगी। इलेक्ट्रॉनिक रूप से रखी गई किसी भी इलेक्ट्रॉनिक जानकारी को कंपनी के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन और इंट्रानेट नीतियों और सुरक्षा प्रणालियों के तहत सुरक्षित रखा जाएगा, जिसमें केवल वैध आवश्यकता वाले लोगों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। कुछ रिकार्ड, जैसे 1–9 फॉर्म और मेडिकल रिकॉर्ड को सामान्य कार्मिक रिकॉर्ड से अलग रखा जाएगा, चाहे इलेक्ट्रॉनिक रूप से रखा जाए या हार्ड कॉपी में रखा जाए।

सभी संगठनात्मक चार्ट, टेलिफोन निर्देशिकाएँ, ई–मेल सूचियाँ, कंपनी की सुविधा या स्थान की जानकारी और कंपनी के पते और संपत्ति का उपयोग केवल आंतरिक उद्देश्यों के लिए ही किया जाता है। सिग्मा कार्यकारी नेतृत्व टीम यह जानकारी केवल तभी जारी कर सकती है, जब वह ऐसा करना व्यावसायिक संचालन करने के लिए आवश्यक समझे। सिग्मा उन देशों के राष्ट्रीय कानूनों के तहत आवश्यकतानुसार स्थानीय गोपनीयता नीतियाँ जारी करेगा जहाँ कर्मचारी स्थित हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण



**सभी सिग्मा उत्पादों को उन देशों के सभी लागू सीमा शुल्क और आयात नियंत्रण कानूनों का पालन करना होगा, जहाँ यह आयात करता है, साथ ही उन सभी लागू कानूनों का पालन करना होगा जो निर्यात, पुनर्निर्यात और वस्तुओं, सेवाओं, प्रौद्योगिकी और सूचना के हस्तांतरण को नियंत्रित करते हैं।**

वस्तुओं के आयात और निर्यात के लिए जिम्मेदार सिग्मा कर्मचारियों को उन देशों पर लगाए गए प्रतिबंधों के बारे में जानकारी होनी चाहिए जहाँ हम वस्तुओं, प्रौद्योगिकी और सेवाओं के स्थायी और अस्थायी निर्यात और आयात पर व्यापार करते हैं।

# कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा

**सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस के पास व्यापक विविधतावाली परिसंपत्तियाँ हैं, जिसमें पूंजी या अचल संपत्ति जैसी सुविधाएँ या उपकरणों से लेकर गैर–पूंजीगत वस्तुएँ जैसे कंप्यूटर और उपकरण शामिल हैं, जिन्हें छोटी और आकर्षक संपत्ति माना जाता है।**

सिग्मा कर्मचारियों, ठेकेदारों और तीसरे पक्षों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हमेशा कंपनी की संपत्ति को हानि, चोरी या दुरुपयोग से बचाएँ और कंपनी की संपत्ति का उपयोग केवल कंपनी के व्यवसाय के लिए करें।

**सिग्मा की संपत्तियों में निम्न चीजें शामिल हैं, लेकिन संपत्ति केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:**

- **भौतिक संपत्ति** – भूमि, भवन, उपकरण, कंप्यूटर, सर्वर, प्रिंटर, नेटवर्किंग उपकरण, वाहन, उपकरण, सूची, कच्चा माल और आपूर्ति,
- **वित्तीय** – नकद, प्राप्य और निवेश
- **स्वामित्व की जानकारी** – अनुबंध अधिकार और लाइसेंस, व्यापारिक रहस्य, पेटेंट, कॉपीराइट और गोपनीय व्यावसायिक जानकारी
- **डिजिटल** – सॉफ्टवेयर, ईमेल, डेटा



# साइबर जोखिम और जिम्मेदारीपूर्ण संप्रेषण

**सिग्मा के स्वामित्व वाले या सिग्मा को पट्टे पर दिए गए कंप्यूटर, सेल फोन या अन्य हैंडहेल्ड डिवाइस, नेटवर्क, इलेक्ट्रॉनिक मेल सेवाओं और इलेक्ट्रॉनिक सूचना स्रोतों सहित इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के अनुचित उपयोग से कंपनी को वायरस के हमलों, नेटवर्क सिस्टमध्सेवाओं से समझौता, और कानूनी मुद्दों आदि की जोखिम का सामना करना पड़ता है।**

यह नीति कंपनी के कर्मचारियों, ठेकेदारों, साझेदारों और स्वयं कंपनी को अन्य व्यक्तियों के अवैध या हानिकारक कार्यों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वे जानबूझकर, अनजाने में, सोद्देश्य या निरुद्देश्य किए गए हों।

यह नीति सिग्मा के कर्मचारियों, ठेकेदारों, सलाहकारों और किसी भी व्यक्ति पर लागू होती है जो सिग्मा ("उपयोगकर्ता") में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग करते हैं/ उपयोग कर सकते हैं, जिनमें कंपनी के स्वामित्ववाले या कंपनी द्वारा पट्टे पर लिए गए कंप्यूटर, सेल फोन, स्मार्ट या हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरण, नेटवर्क, इलेक्ट्रॉनिक मेल सेवाएँ ("इलेक्ट्रॉनिक संसाधन") और इलेक्ट्रॉनिक जानकारी शामिल हैं।

### उपयोगकर्ताओं से निम्नलिखित दिशानिर्देशों और आवश्यकताओं का पालन करने की अपेक्षा की जाती है:

- कंपनी इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों को पासवर्ड या पिन द्वारा सुरक्षित करने की मांग करती है और अत्यधिक संवेदनशील या मूल्यवान जानकारी को एन्क्रिप्ट करने की सिफारिश करती है।
- सुरक्षा और नेटवर्क रखरखाव उद्देश्यों के लिए, कंपनी के भीतर अधिकृत व्यक्ति उपकरण, सिस्टम और नेटवर्क ट्रैफिक सहित इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निगरानी कर सकते हैं, जिसमें ईमेल, सोशल मीडिया पोस्टिंग, टेक्स्टिंग, स्क्रीन शॉट्स, तस्वीरें, या अन्य ट्रांसमिशन या उपयोग शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।
- कंपनी समय–समय पर इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का ऑडिट करने और ऑडिट के निष्कर्षों के आधार पर प्रत्येक उचित कार्रवाई लागू करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। सभी उपयोगकर्ताओं को पासवर्ड सुरक्षित रखना चाहिए और खाते या पासवर्ड साझा नहीं करने चाहिए। अधिकृत उपयोगकर्ता अपने पासवर्ड और खातों की सुरक्षा के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। पासवर्ड कम से कम एक बार हर तीन महीने में बदला जाना चाहिए और सिस्टम ऐसा करने के लिए संकेत दे सकता है।

- सभी पीसी, स्मार्ट या हैंड–हेल्ड डिवाइस, लैपटॉप और वर्कस्टेशन को पासवर्ड से सुरक्षित स्क्रीनसेवर के साथ 10 मिनट या उससे कम समय पर स्वचालित सक्रियण सुविधा सेट करके या कंप्यूटर को लॉग–ऑफ करके सुरक्षित किया जाना चाहिए।
- उपयोगकर्ताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी होस्ट जो सिग्मा इंटरनेट/इंट्रानेट/एक्स्ट्रानेट या उस जैसे किसी अन्य सिस्टम से जुड़े हैं, चाहे उपयोगकर्ता या सिग्मा के स्वामित्व में हों, उन्हें वर्तमान वायरस डेटाबेस के साथ अनुमोदित वायरस–स्कैनिंग सॉफ्टवेयर को लगातार चलाने की आवश्यकता होगी (जब तक सिग्मा द्वारा लिखित रूप में अनुमोदित विभागीय या समूह नीति के तहत ओवरराइड न किया गया हो)। किसी भी परिस्थिति में सिग्मा में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोगकर्ता सिग्मा के स्वामित्व या पट्टे पर ली गई प्रणालियों का उपयोग करते हुए किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल होने के लिए अधिकृत नहीं है जो स्थानीय, राज्य, संघीय या अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध है।
- उपयोगकर्ताओं को सभी प्रचलित कानूनों, सिग्मा की सभी आईटी तथा एचआर नीतियों तथा इस कोड का अनुपालन करते हुए हुए ईमेल, सोशल मीडिया या अन्य किसी भी संचार उद्देश्यों के लिए सिग्मा इंटरनेट सेवाओं का उपयोग सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से करना चाहिए।
- उपयोगकर्ताओं को सिग्मा के इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों में हस्तक्षेप करने, बाधा डालने या अनधिकृत उपयोग करने में शामिल होने से प्रतिबंधित किया गया है।

### पूर्वगामी की व्यापकता के बावजूद, उपयोगकर्ता, हर समय, यह सुनिश्चित करेंगे कि:

- **A.** उपयोगकर्ता निजी व्यवसाय या वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए सिग्मा के इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग नहीं करते हैं;
- **B.** उपयोगकर्ता सिग्मा के नाम का अनधिकृत उपयोग नहीं करेंगे या किसी कम्प्यूटर या अन्य उपकरण का उपयोग करते समय उसका सिग्मा के परिचालन या कारोबार से असंबद्ध कोई अन्य उपयोग नहीं करेंगे।
- **C.** उपयोगकर्ता सिग्मा के इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग ऐसी सामग्री को प्रसारित या रिकॉर्ड करने, वितरित करने या संग्रहीत करने के लिए नहीं करेंगे, जो अवैध, अनुचित, अश्लील, अपमानजनक, धमकी देने वाली, हिंसक या घृण ाास्पद है, या किसी भी प्रकार से कंपनी की नीतियों का उल्लंघन करती है।
- **D.** उपयोगकर्ताओं को अवैध, अश्लील और/या भेदभावपूर्ण सामग्री को देखने, संग्रहीत करने, वितरित करने या संचारित करने या रिकॉर्ड करने के लिए सिग्मा के इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है;
- **E.** उपयोगकर्ता सिग्मा के संसाधनों या किसी कंप्यूटर या डिवाइस का उपयोग वस्तुओं या सेवाओं के लिए ऐसे धोखाधड़ी वाले प्रस्तावों/वादों वाली सामग्री या किसी विज्ञापन/प्रचार सामग्री को प्रसारित करने या रिकॉर्ड करने या वितरित करने के लिए नहीं करेंगे, जिसमें सिग्मा से या उसके किसी कर्मचारी या ठेकेदार से संबंधित झूठे, भ्रामक या कपटपूर्ण बयान, दावे या प्रतिनिधित्व शामिल हों।
- **F.** उपयोगकर्ता किसी भी इलेक्ट्रॉनिक संसाधन का उपयोग ऐसी सामग्री को प्रसारित करने या रिकॉर्ड करने, वितरित करने या संग्रहीत करने के लिए नहीं करेंगे, जो सिग्मा या किसी तीसरे पक्ष के नेटवर्क, सिस्टम, सेवाओं या वेबसाइटों के लिए हानिकारक हो सकती है या हस्तक्षेप करने की क्षमता रखती है। निषिद्ध या हानिकारक सामग्री में वायरस, वर्म्स, पासवर्ड क्रैकिंग प्रोग्राम या ट्रोजन हॉर्स शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं;
- **G.** उपयोगकर्ता उचित प्राधिकरण के बिना दूसरों के कंप्यूटर खातों का उपयोग नहीं करेंगे या उपयोग करने का प्रयास भी नहीं करेंगे;
- **H.** उपयोगकर्ता किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे जिससे ईमेल भेजने वाले आदि सहित किसी व्यक्ति की पहचान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा सके। इसके अलावा, किसी अन्य व्यक्ति या कंप्यूटर से आने वाले इलेक्ट्रॉनिक संदेश की सामग्री को हटाने/बदलने के इरादे से किसी संचार को धोखा देना, रोकना या रोकने का प्रयास करना सख्त वर्जित है।

# गोपनीय सूचना और बौद्धिक संपदा

## गोपनीय व्यावसायिक जानकारी और व्यापार रहस्यों की सुरक्षा सिग्मा के हितों और सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

### कंपनी की गोपनीय जानकारी के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- ग्राहक सूचियाँ, वित्तीय जानकारी, लंबित रियोजनाएँ या प्रस्ताव, मूल्य निर्धारण/लागत और अन्य कर्मचारी मुआवजा डेटा;
- व्यावसायिक जानकारी, रणनीतियों, वर्तमान या संभावित ग्राहकों/ग्राहकों की सूची, उपकरण, सॉफ्टवेयर, डिजाइन, विपणन योजना, मूल्य निर्धारण जानकारी से संबंधित कोई भी डेटा या जानकारी;
- प्रक्रियाएँ, विचार, आविष्कार (चाहे पेटेंटयोग्य हों या नहीं), योजनाबद्ध और अन्य तकनीकी व्यवसाय, मॉडल, डिजाइन, उत्पाद चित्र (जैसे 2–डी चित्र या 3–डी मॉडल) प्रदर्शन विनिर्देश, अवधारणाएँ, प्रगति रिपोर्ट; और,
- सिग्मा द्वारा अपने व्यवसाय के संचालन और विकास में या अन्यथा उपयोग की जाने वाली समान जानकारी या डेटा।

ऐसी गोपनीय जानकारी लिखित रूप में हो सकती है, या इलेक्ट्रॉनिक, मौखिक या दृश्य रूप में, पढ़ने योग्य रूप में प्रस्तुत की जा सकती है, चाहे वह यूएसबी फ्लैश ड्राइव, मेमोरी कार्ड, क्लाउड– आधारित मीडिया या किसी भी रूप में हो, और किसी भी माध्यम में संग्रहीत हो।

सिग्मा से संबंधित कोई भी निजी, गोपनीय जानकारी, कोई लेखन, रिकार्ड्स, पत्र, चित्र, योजनाएँ या अन्य कोई भी डेटा, जो सिग्मा में नियुक्ति के कारण या उससे संबंध रखने के कारण प्राप्त किया गया हो, उसका उपयोग अपने स्वयं के प्रयोजन के लिए या सिग्मा के प्रयोजन के अलावा अन्य किसी भी प्रयोजन के लिए करना कर्मचारियों, ठेकेदारों या एजेंटों के लिए प्रतिबंधित है।

इसके अलावा सभी कॉपीराइट, कार्य, आविष्कार, ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, नवाचार, सुधार, विकास, तरीके, तकनीकी जानकारी, डिजाइन, विश्लेषण, चित्र, रिपोर्ट और ऐसी सारी या संबंधित जानकारी जो वास्तविक या प्रत्याशित व्यवसाय एवं अनुसंधान से संबंधित है या जो कंपनी के विद्यमान या भावी प्रत्याशित उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं से संबंधित है, तथा जिसका निर्माण करते समय का उपयोग करते हुए कंपनी के स्थान पर अपने रोजगार या कंपनी से संलग्नता के दौरान चाहे अकेले या अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर किया गया हो, उसे काम का उत्पाद माना जाता है या "किराए के लिए बनाया गया" माना जाता है और उस पर कंपनी का अधिकार होता है।

व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कंपनी के सामने ऐसे सभी कार्य उत्पाद का तुरंत खुलासा करें और सिग्मा द्वारा अनुरोध की गई सभी कार्रवाइयाँ करें (चाहे रोजगार की अवधि के दौरान या उसके बाद), ताकि उसे (जिसमें बिना किसी सीमा के असाइनमेंट, सहमति, वकील के अधिकार और अन्य दस्तावेज शामिल हैं) कंपनी के स्वामित्व पर स्थापित कर उसकी पुष्टि की जाए। हालाँकि ऐसे आविष्कार, जो एक कर्मचारी या ठेकेदार कंपनी के उपकरण, आपूर्ति, सुविधाओं का उपयोग किए बिना पूरी तरह से अपने समय में विकसित करते हैं, आम तौर पर इस नीति के अधीन नहीं होते हैं।

# हितों का टकराव

**सभी सिग्मा कर्मचारियों, ठेकेदारों और तीसरे पक्षों को ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए जो हितों का टकराव पैदा कर सकती है या सिग्मा में कर्मचारी/व्यक्ति की जिम्मेदारियों और दायित्वों के साथ टकराव पैदा कर सकती है।**



**सभी सिग्मा कर्मचारियों, ठेकेदारों और तीसरे पक्षों को निम्नलिखित का पालन करना चाहिए:**

- व्यक्तियों को कभी भी खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रखना चाहिए, जहाँ उनके व्यक्तिगत हित कंपनी के हितों या व्यवसाय के साथ टकराते हों (या टकराने की संभावना हो)।
- व्यक्तियों को ऐसी किसी भी स्थिति या गतिविधि से बचना चाहिए, जो कंपनी के सर्वोत्तम हित में उनके निर्णय या कार्य करने की क्षमता से समझौता करती है, या समझौता करने की संभावना हो सकती है।
- व्यक्तियों को कंपनी के धन और संपत्ति के प्रबंधन में कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार होना चाहिए और किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता से हमेशा बचना चाहिए।
- व्यक्तियों को अनुमोदित कंपनी व्यवसाय या गतिविधियों के अलावा किसी अन्य चीज के लिए कंपनी की संपत्ति या संसाधनों का उपयोग नहीं करना चाहिए या उपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए।
- सिग्मा में अपने कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों को किसी भी तरह से सिग्मा के प्रतिस्पर्धियों के लिए काम करने या उन्हें परामर्श प्रदान करने या सिग्मा के व्यावसायिक हितों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली किसी भी गतिविधि में शामिल होने से प्रतिबंधित किया गया है। यदि कोई कर्मचारी ऐसा कोई कार्य करना चाहता है, तो उसे मानव संसाधन द्वारा सिग्मा की पूर्व लिखित स्वीकृति प्राप्त करनी होगी।

- व्यक्तियों को ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए (कार्यक्षेत्र में या कार्यक्षेत्र से बाहर) जो कंपनी की प्रतिष्ठा या अच्छे नाम को नुकसान पहुँचा सकती हो या नुकसान पहुँचाने की क्षमता रखती हो। व्यक्तियों का यह कर्तव्य है कि उनका सिग्मा के साथ प्रत्यक्ष व्यापार करने वाली किसी भी कंपनी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष वित्तीय हित हो या होने की संभावना हो, तो वे सिग्मा इसकी को पूर्व सूचना दें।
- कोई भी व्यक्ति व्यावसायिक/व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए सिग्मा के ठेकेदारों, उपठेकेदारों, सलाहकारों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतिस्पर्धियों या ग्राहकों से रिश्वत, किकबैक, उपहार, मनोरंजन या अन्य संतुष्टि या लाभ (चाहे मौद्रिक या अन्य किसी स्वरूप में) नहीं लेगा और न प्रदान करेगा। इसी प्रकार, व्यक्तियों को किसी भी सरकारी अधिकारी सहित किसी तीसरे पक्ष के साथ ऐसे कृत्यों में शामिल होने से प्रतिबंधित किया गया है।
- जहां तक संभव हो, व्यक्तियों को परिवार के सदस्यों या मित्रों के साथ सिग्मा का व्यवसाय संचालित करने से बचना चाहिए। व्यक्तियों को ऐसा कोई भी कार्य करने से प्रतिबंधित किया जाता है, जो किसी व्यक्ति के परिवार के सदस्यों, व्यक्तिगत मित्रों को लाभ पहुँचाता हो और/या जिससे सिग्मा में व्यक्तियों के कर्तव्यों या जिम्मेदारियों के साथ टकराव होता हो।
- व्यक्ति किसी भी ऐसे आचरण/गतिविधि में शामिल नहीं होंगे, जिसे कर्तव्य की अवहेलना या सिग्मा के साथ उनके सहयोग से व्यक्तियों को उपलब्ध कॉर्पोरेट अवसरों का दुरुपयोग माना जा सकता है या हो सकता है।



# सबकी जिम्मेदारी

**एक ऐसा वातावरण बनाना जो नैतिक और अवैध आचरण से मुक्त हो, सभी सिग्मा कर्मचारियों, हमारे ठेकेदारों और तीसरे पक्षों का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। हममें से प्रत्येक के पास सही निर्णय लेने और उन मानकों के उल्लंघन की रिपोर्ट करने की क्षमता है, जिनके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।**

यदि इस आचार संहिता के अनुपालन या नैतिक निर्णय लेने के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया प्रबंधन या मानव संसाधन के साथ चर्चा करने में संकोच न करें।

नामित कर्मचारियों को अपने सर्वोत्तम ज्ञान के आधार पर वार्षिक रूप से पुष्टि करनी होगी कि उन्होंने संहिता का अनुपालन किया है, उन्हें संहिता के किसी भी उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन के बारे में ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिसकी पहले रिपोर्ट नहीं की गई हो, और उन्हें संहिता का उल्लंघन माने जानेवाली ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल होने के लिए नहीं कहा गया है।

बोलना हमेशा आसान नहीं हो सकता है, लेकिन चिंता व्यक्त करने से आपको, आपके सहकर्मियों और सिग्मा को नुकसान से बचाने में मदद मिलती है और यह सुनिश्चित होता है कि हमारी प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय बनी रहे। अपनी आवाज उठाने के लिए हमारे संसाधनों का उपयोग करने में सशक्त महसूस करें और जानें कि सिग्मा आपके साथ है।



# रसीद एवं सहमति


**मैं स्वीकार करता हूँ कि मुझे "सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस कोड ऑफ एथिक्स एंड बिजनेस कंडक्ट" की प्रति मिल गई है।**


***मैंने संहिता को पढ़ लिया है, समझ लिया है और मैं इसका पालन करूँगा।***

मैं मानता हूँ कि सिग्मा इंजीनियर्ड सोल्यूशंस के सभी कर्मचारी, ठेकेदार और तीसरा पक्ष संहिता के सिद्धांतों और मानकों को जानने और उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार है। मैं यह भी समझता हूँ कि संहिता के उल्लंघन से सुधारात्मक कार्रवाई करनी पड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

नीचे हस्ताक्षर करके मैं यह भी स्वीकार कर रहा हूँ कि मुझे किसी ऐसे कोड उल्लंघन की जानकारी नहीं है जिसकी सूचना न दी गई हो।

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | |
| मुद्रित नाम | |
| स्थान | |
| दिनांक | |









SIGMA®
ENGINEERED SOLUTIONS

120 Sigma Drive
Garner, NC 27529
919-773-0011
www.sigmaengineeredsolutions.com